खुश होंगे बाबा श्याम पूजो गणेश हनुमान | By Sandeep Rajput

प्रथम मनाओ गणेश जी फिर पूजो हनुमान जी
इन दोनों के सुमिरन से खुश होंगे बाबा श्याम जी

आओ गणपति देवा आओ कारज सफल बना जाओ
आओ बजरंग बाला आओ संकट दूर भगा जाओ
ये दोनों ही मंगलकारी बिगड़े बनाते काम जी

लाओ जी कोई मोदक मेवा गणपति भोग लगाएंगे
लाओ जी कोई लड्डू पेड़ा हनुमत भोग लगाएंगे
गणपति बोले बम बम भोले हनुमत जय श्री राम जी

जय हो बाबा श्याम धणी की जय हो गौरी लाल की
जय हो बाबा शीश के दानी जय हो अंजनी के लाल की
इनके चरणों में कर लो जी बारम्बार प्रणाम जी
प्रथम मनाओ गणेश जी .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a5%81%e0%a4%b6-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%aa%e0%a5%82%e0%a4%9c%e0%a5%8b/